**सैनिक** स्कूल के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र तथा टेराकोटा की गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर उपराष्ट्रपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ को टेराकोटा की गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में हुए इस समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### उपराष्ट्रपति ने सैनिक स्कूल का निरीक्षण भी किया

**सैनिक** स्कूल गोरखपुर का उद्घाटन करने के साथी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ इसका निरीक्षण भी किया। उन्होंने क्लास रूम, प्ले ग्राउण्ड, तरणताल, आवासीय परिसर आदि का अवलोकन किया। तत्पश्चात नवनिर्मित एकलव्य शूटिंग रेंज स्थल पर शूटिंग का अभ्यास भी किया। पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दृष्टिकोण से पौधरोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश दिया। उपराष्ट्रपति जब मंच पर पहुंचे तो कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रगान और सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने सैनिक स्कूल के छात्र जीवन से लेकर सैन्य जीवन तक की दिनचर्या पर भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुति की।

### सीएम योगी का निमंत्रण पाकर बहुत भावुक हो गयाः धनखड़

**सैनिक** स्कूल के उद्घाटन के मौके पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि जब देश के सबसे बड़े प्रांत के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे आवास पर आकर सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए निमंत्रण पत्र दिया तो मैं बहुत भावुक हो गया। उन्होंने कहा कि वैसे तो योगी जी की हर बात असाधारण है पर सैनिक स्कूल के लिए योगी जी का निमंत्रण पत्र भी असाधारण ही था। उन्होंने मुझे सैनिक स्कूल के एक पुरातन छात्र के रूप में निमंत्रित किया। योगी जी की नजर पैनी और पारखी है। मुझे बुलाने के लिए मुझ पर जितना होमवर्क उन्होंने किया, उतना मेरे निकट संबंधियों ने भी नहीं किया होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में आकर वह काफी भावविभोर और प्रफुल्लित हैं। आज उनके सामने छहदशक पूर्व का दृश्य जीवंत हो रहा है जब वह खुद सैनिक स्कूल के छात्र थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे लिए यह अविस्मरणीय काम कर दिया है। धनखड़ ने कहा कि इस निमंत्रण के जरिये योगी ने यह भान भी कराया कि शिक्षा बदलाव लाने, असमानता दूर कर समानता पैदा करने का माध्यम है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए मौका देकर आपने (योगी जी) मेरे जीवन में नया अध्याय जोड़ दिया है। इसे कभी नहीं भूलेंगे।

### उपराष्ट्रपति ने जोड़ा गोरक्षभूमि का राजस्थान से रिश्ता

**सैनिक** स्कूल के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और नाथ संप्रदाय की साधनास्थली गोरक्षभूमि को नमन करते हुए इसका अपने गृह क्षेत्र राजस्थान से रिश्ता जोड़ा। उन्होंने कहा कि वर्तमान गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज राजस्थान के उदयपुर से थे। गीता प्रेस के हनुमान प्रसाद पोद्दार का ताल्लुक भी राजस्थान से ही था। उन्होंने कहा कि यह उनका परम सौभाग्य रहा है कि योगी के गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ के साथ वह लोकसभा के सदस्य रहे। केंद्र में जब वह मंत्री बने तो उन्होंने जिन कुछ लोगों का आशीर्वाद लिया था उसमें महंत अवेद्यनाथ जी भी एक थे।

## गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन कर भावविभोर हुए उपराष्ट्रपति



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**पहली** बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को सैनिक स्कूल का लोकार्पण करने के बाद गोरखनाथ मंदिर जाकर शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ जी का दर्शन-पूजन किया। साथ में उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित रहीं। दर्शन-पूजन का अनुष्ठान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने खुद अपनी देखरेख में संपन्न कराया। गुरु गोरखनाथ के चरणों में शीश नवाकर और महायोगी के मंदिर के गर्भगृह में प्रज्वलित अखंड ज्योति की महत्ता जानकर उपराष्ट्रपति भावविभोर हो गए। सैनिक स्कूल के लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगवानी में उपराष्ट्रपति, सपत्नी गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर के मुख्य द्वार से वह गोल्फ कार्ट से मुख्य मंदिर की सीढ़ियों तक आए। यहां उपराष्ट्रपति के आते ही 251 वेदपाठी छात्रों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच उनका दिव्य स्वागत किया।

मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के पदाधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी की अगवानी की।

## प्रमुख सचिव कारागार राजेश सिंह हटाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव कारागार राजेश सिंह को हटा दिया है। राजेश सिंह के सभी प्रभार दूसरे अफसरों को सौंपने के बाद उन्हें प्रतिक्षारत कर दिया गया है। राजेश सिंह सिंह वर्तमान में सहकारिता, कारागार और ग्राम विकास विभाग का कार्यभार देख रहे थे। अब एमपी अग्रवाल को प्रमुख सचिव सहकारिता, अनिल गर्ग को प्रमुख सचिव कारागार और वेंकटेश्वर लू को ग्राम विकास संस्थान बीकेटी का चार्ज दिया है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक कैदी की सजा माफी के मामले में उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह को बीते मंगलवार को फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह किसी आईएएस अधिकारी को न्यायालय के सामने झूठ बोलते हुए और सुविधानुसार अपना रुख बदलते हुए बर्दाश्त नहीं करेगा। राजेश कुमार सिंह द्वारा 14 अगस्त को जो शपथपत्र दिया गया वह उनके बयानों से पूरी तरह भिन्न था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शपथपत्र में दिए गए बयान झूठे प्रतीत होते हैं। राजेश कुमार सिंह ने 12 अगस्त को दलील दी थी कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों के कारण राज्य में लागू आदर्श आचार संहिता के चलते एक दोषी की सजा माफी से संबंधित फाइल के निपटारे में देरी की।

# यूपी की नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बना रही विद्युत सखी योजना

## सरकार का राजस्व बढ़ाने के साथ खुद भी स्वावलंबी बन रही विद्युत सखियां

**पायनियर समचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के बाराबंकी के रामनगर विकास खंड स्थित सिलौटा गांव की विद्युत सखी राजश्री शुक्ला ने न केवल विद्युत सखी योजना से जुड़कर अपने परिवार की आय बढ़ाई, बल्कि प्रदेश की अन्य महिलाओं के लिए एक मिशाल भी बनीं। वह खुद तो स्वावलंबी बनी हीं, साथ में गांव की अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित कर रहीं हैं और योगी सरकारी की योजनाओं के बारे में लोगों को बता रही हैं। वह अपने साथ ही ग्रामीण जीवन में भी बदलाव ला रही हैं। साथ ही बिजली सखी के रूप में घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करके ग्रामीणों को बिलों का भुगतान करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े होने के बोझ से छुटकारा दिला रही हैं। राजश्री शुक्ला ने बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बिजली का बिल जमा करती हैं, जिससे ग्रामीणों का समय तो बचता ही है, साथ ही लंबी लाइन से उन्हे छुटकारा भी मिल जाता है। राजश्री शुक्ला ने बताया कि वह 50,000 रुपए से अधिक कमीशन प्रतिमाह कमा रही हैं। उन्होंने जुलाई-24 में 81,900 रुपये का कमीशन अर्जित कर प्रदेश की दस सबसे अधिक कमीशन अर्जित करने वाली बिजली सखियों में अपना नाम दर्ज कराया है। वह बताती हैं कि वह स्वयं सहायता समूह के जरिए विद्युत सखी बनी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैंकिंग सखी की तर्ज पर हम लोगों को बिजली सखी से जोड़कर हमारे जीवन को खुशहाल बना दिया है। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देती हूं। आज मैं बिजली का बिल जमा कराकर उससे मिलने वाले कमीशन से अपने परिवार का बखूबी ख्याल रख रही हूं। इससे मेरी और मेरे परिवार की आय में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का सीएम योगी का प्रयास रंग लाने लगा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि महिला स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर नारी शक्ति प्रदेश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10,500 से अधिक विद्युत सखियों ने 1120 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल जमा कराकर 14.6 करोड़ रुपये कमीशन प्राप्त कर अपना और परिवार का जीवन रौशन किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब तक स्वयं सहायता समूह के जरिये 30,000 महिलाओं को चयनित किया जा चुका है, जिसमें से 10,500 से अधिक विद्युत सखियां पहले से ही पूरे प्रदेश में कार्य शुरू कर दिया है। यह ग्रामीण और शहरी इलाकों में मीटर रीडिंग और बिजली के बिल का कलेक्शन कर रही हैं। इसके लिए उन्हे विद्युत सखी ऐप उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वह लॉगिन करके बिजली बिल बनाकर उसका कलेक्शन करती हैं और ऐप के जरिए ही यूपीपीसीएल को बिल का भुगतान करती हैं।

**JASMINE LEASING LIMITED**
U65921UP1985PLC007455
**Regd. Off. :** 84/43 Kalpi Road, Kanpur: 208012, Uttar Pradesh
Email: jllinvestor85@gmail.com

**NOTICE OF THE 39th ANNUAL GENERAL MEETING OF THE SHAREHOLDERS**

The 39th Annual General Meeting of the Company will be held on Monday September 30, 2024 at 10.00 a.m. at the Registered Office of the Company. Notice of the Annual General Meeting, Directors' Report, Auditors Report along with Audited Accounts is available at the registered office. Shareholders are requested to intimate their e-mail address to the Company to update their details/address.

For Jasmine Leasing Limited
Authorised Signatory
Place : Kanpur
Date : 06.09.2024

# भाजपा सरकार किसानों की बदहाली कभी दूर नहीं कर सकतीः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार महंगाई, भ्रष्टाचार और किसानों की बदहाली कभी दूर नहीं कर सकती है। वह प्रत्येक स्तर पर सत्ता का दुरूपयोग करती है। निर्दोषों को झूठे केसों में फंसाती है। लोकसभा चुनावों में पराजय के बाद भी भाजपा कुप्रचार करने से बाज नहीं आ रही है। अखिलेश यादव शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए भाजपा का मुकाबला करेगा और उसे हराएगा। पीडीए में समाज के सभी पक्षों के हित सुरक्षित हैं। पीडीए के माध्यम से सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई को भी अंतिम परिणाम तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है। वह नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव को तहस-नहस करने का इरादा रखती है। समाज में सभी को हक और सम्मान मिले इसके लिए समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना को आवश्यक मानती है। समाजवादी पार्टी की जब भी सरकार बनेगी जातीय जनगणना कराकर सबको हक और सम्मान दिया जायेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों को खुली छूट है। महिलाओं और बच्चियों का जीवन असुरक्षित है। फर्जी एनकाउण्टरों की वजह से उत्तर प्रदेश की देश-दुनिया में बदनामी हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे हैं और उत्तर प्रदेश का नाम बदनाम हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को अराजकता की ओर धकेल दिया है।

## प्रदेश की चीनी मिलों में हो रहा बड़ा सुधार

# बागपत व मुजफ्फरनगर चीनी मिलों का होगा आधुनिकीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उनके जीवनस्तर में सुधार के लिए भी प्रयासरत है। प्रदेश के गन्ना किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए योगी सरकार ने चीनी मिलों की स्थापना और आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की बागपत और मुजफ्फरनगर में चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की योजना है। इसमें इन मिलों की कार्यक्षमता में सुधार के साथ ही तकनीकी अपग्रेडेशन शामिल है। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर विचार किया गया। इसमें किसान सहकारी चीनी मिल बागपत की कार्यक्षमता में सुधार के लिए मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीडी क्रशिंग क्षमता), तकनीकी अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण कार्य से संबंधित प्रस्ताव के लिए 84.77 करोड़ की लागत का अनुमान जताया गया है। इसमें 50 प्रतिशत राज्य सरकार से अंश पूंजी के रूप में तो 50 प्रतिशत ऋण के रूप में लिए जाने की वित्तीय व्यवस्था की जाएगी। 2024-25 के शासकीय बजट में 65 करोड़ के अनुदान के तहत निवेश/ ऋण का प्रावधान है। मिल के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के बारे में बताया गया कि मिल के कमांड एरिया में गन्ने की प्रचुर उपलब्धता है। साथ ही मिल द्वारा लगभग 4.82 लाख टन गन्ने की पेराई की जा रही है। अगले 5 वर्षों में कारखाने के कमांड एरिया से प्लांट को लगभग 5.01 लाख टन गन्ना पेराई के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसी तरह गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. मोरना, मुजफ्फरनगर की कार्यक्षमता में मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीजी क्रशिंग कैपेसिटी), तकनीकी अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण कार्य के लिए 88.02 करोड़ की प्रस्तावित लागत का अनुमान जताया गया है।

**HDFC BANK**
We understand your world
विशेष संचालन विभाग, दूसरी मंजिल, एक्सपीरियो बिल्डिंग, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010

कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार(रों) **1. मैसर्स कन्हैया बीज भंडार इसके प्रोपराईटर द्वारा श्री कन्हैया लाल यादव (उधारकर्ता) 2. श्री कन्हैया लाल यादव पुत्र श्री साहब लाल यादव (गारंटर और बंधककर्ता) 3. श्रीमती गुड़िया यादव पत्नी श्री कन्हैया लाल यादव (गारंटर) को** मांग सूचना दिनांक 04-05-2024 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रु. **15,59,134/- (रु. पद्रंह लाख उनसठ हजार एक सौ चौंतीस मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार(रों) राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार(रों) तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **04.09.2024** को ले लिया है। कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **एचडीएफसी बैंक लि.**, के प्रभार वास्ते **रु. 15,59,134/- (रु. पद्रंह लाख उनसठ हजार एक सौ चौंतीस मात्र) और भविष्य का ब्याज साथ में खर्चे एवं प्रभार इत्यादि सहित वसूली घटाकर, यदि कोई हो,** के अधीन होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

दुकान, मकान नं. 537, क्षेत्रफल 78.00 वर्ग फीट/7.249 वर्ग मी., मोहल्ला छावनी सदर, वार्ड नं. 22, रुद्रनगर, परगना- मीरानपुर, तहसील सदर, जिला सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश, 228001. (संपत्ति श्री कन्हैया लाल यादव के स्वामित्व में है।) चौहद्दीः - पूरब में - विक्रेता का मकान, उत्तर में - विक्रेता का मकान, पश्चिम में - हरीश चंद्र का मकान, दक्षिण मे - माल गोदाम रोड

**दिनांकः 04.09.2024,** स्थानः सुलतानपुर
प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम भूल बस अचिन्त्य कश्यप अंकित हो गया है जो कि गलत है उसका सही नाम अचिन्त्य आनन्द है। भविष्य में उसे अचिन्त्य आनन्द पुत्र संतोष कुमार सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। संतोष कुमार सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी सी 65 फेज 2 देवप्रयागम आवास योजना देवघाट झलवा प्रयागराज

**सूचना**

मैंनें अपनी पुत्री का नाम SHRADDA CHAUDHARY से बदलकर SHRADDHA CHAUDHARY पुत्री बृजेश कुमार निवासी 589/164 सालेह नगर, बंगला बाजार लखनऊ कर दिया है। भविष्य में SHRADDHA CHAUDHARY के नाम से जाना पहचाना जायें।

**सूचना**

मेरी पुत्रवधू शिखा का चालचलन ठीक नहीं है इसलिये उसके व्यवहार से परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उसके आचरण के लिये वही जिम्मेदार होगी। अर्चना शुक्ला पत्नी स्व0 शिवदुलारे शुक्ला निवासिनी वार्ड नं0 3 रामनगर कस्बा रूरा तहसील अकबरपुर, जिला कानपुर देहात।

# वुमेन पॉवर हेल्पलाइन ने 19 माह में 6 लाख से अधिक शिकायतों का समय से किया निस्तारण

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सजग योगी सरकार, शत प्रतिशत मामलों को किया जा रहा निस्तारित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महिलाओं** को सम्मान देने के साथ-साथ योगी सरकार उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। यही वजह है कि महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है। योगी सरकार के हाथों में उत्तर प्रदेश की कमान आने के बाद पिछले कई वर्षों से यह उपलब्धि प्रदेश के पास ही है। इसमें उत्तर प्रदेश वुमेन पॉवर हेल्पलाइन का खासा योगदान है। वुमेन पॉवर हेल्पलाइन (1090) के वर्ष 2023 के आंकड़ों पर गौर करें तो विभाग ने शत-प्रतिशत महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण कर सीएम योगी के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर उतारा है। विभाग ने पिछले 19 माह में 6 लाख से अधिक शिकायतों का ससमय निस्तारण किया है। इसमें वर्ष-2023 में शत-प्रतिशत यानी 4,09,434 में से 4,09,433 शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि एक कॉल को डिफॉल्ट पाया गया है।




वहीं, वर्ष 2024 में 30 अगस्त तक हेल्पलाइन पर 83.92 प्रतिशत मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 3,04,481 कॉल रजिस्टर्ड की गयीं, जिसमें से 2,55,535 मामलों को निस्तारित किया गया। निस्तारण का यह डाटा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और आत्मसम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वुमेन पॉवर हेल्पलाइन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्राथमिकताओं के आधार पर महिला संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हे तत्काल सहायता भी पहुंचायी जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 2023 में प्रतिदिन औसतन 1,122 शिकायतों का निस्तारण किया गया जबकि 1,70,734 शिकायतों को काउंसिलिंग के जरिये निस्तारित किया गया। वहीं 62,667 मामलों में एफआईआर दर्ज की गयी। इसके अलावा शेष सभी अन्य कॉल्स को संबंधित विभाग (डायल-112, फायर डिपार्टमेंट, अपराध जगत आदि) में हस्तांतरित कर तत्काल सहायता दिलायी गयी। पिछले वर्ष सबसे अधिक इंटरनेट/सोशल मीडिया से संबंधित 56,973 शिकायतें दर्ज की गयी, जिसका रेश्यो कुल शिकायतों का 13.92 प्रतिशत रहा। इसी तरह परिवार संबंधी 5,460 मामले आए, जिसे ऑनलाइन फैमिली काउंसिलिंग के जरिये निस्तारित किया गया, जिसका रेश्यो कुल शिकायतों का1.33 प्रतिशत है। इसके अलावा पीछे करने के 994 मामले आए, जिसका रेश्यो कुल शिकायतों का 0.24 प्रतिशत है। वहीं सबसे अधिक लखनऊ से 40,972 मामले आए जबकि दूसरे नंबर पर कानपुर नगर से 18,358 मामले, तीसरे नंबर पर प्रयागराज से 14,698 मामले, चौथे नंबर पर आजमगढ़ से 12,388 मामले और पांचवें नंबर पर गोरखपुर से 12,354 मामले आए। इसी तरह सबसे अधिक लखनऊ के थानों को कार्यवाही के लिए 5,547 मामले ट्रांसफर किये गये जबकि दूसरे नंबर पर कानपुर नगर को 3,218, तीसरे नंबर पर प्रयागराज को 2,495 मामले, चौथे नंबर पर उन्नाव को 1,865 और पांचवें नंबर पर जौनपुर को 1,857 मामले थानों को कार्यवाही के लिए ट्रांसफर किये गये। वुमेन पावर हेल्पलाइन के मीडिया को-आर्डिनेटर विनोद यादव ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से 30 अगस्त तक हेल्पलाइन पर 3,04,481 कॉल रजिस्टर्ड की गयीं। इसमें से 2,55,535 मामले को निस्तारित किया गया, जिसका रेश्यो 83.92 प्रतिशत रहा। वहीं शेष अन्य कॉल को युद्धस्तर पर निस्तारित करने की दिशा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन औसतन 1,047 शिकायतों का निस्तारण किया गया जबकि 1,70,734 शिकायतों को काउंसिलिंग के जरिये निस्तारित किया गया। वहीं 36,260 मामलों में एफआईआर दर्ज की गयी। इसके अलावा शेष सभी अन्य कॉल्स को संबंधित विभाग (डायल-112, फायर डिपार्टमेंट, अपराध संबंधी आदि) में हस्तांतरित कर तत्काल सहायता दिलायी गयी। अगस्त तक सबसे अधिक इंटरनेट/सोशल मीडिया से संबंधित 43,894 शिकायतें दर्ज की गयी, जिसका रेश्यो कुल शिकायतों का 14.42 प्रतिशत रहा।

**जियान लाइफ केयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 7/216 (6) स्वरूप नगर (एल.एल.आर. अस्पताल के सामने), कानपुर, उत्तर प्रदेश-208002
सीआईएनः L85100UP2018PLC110119; मोबाइलः 8808051576, वेबसाइटः https://gianlifecare.org/; ईमेलः arunguptagpx@gmail.com

**6वीं वार्षिक आम बैठक, नोटिस प्रेषण और ई-वोटिंग के संबंध में जानकारी**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि जियान लाइफ केयर लिमिटेड ("कंपनी") की 6वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") सोमवार, 30 सितंबर, 2024 को सुबह 09:30 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी, जिसमे उक्त एजीएम को आयोजन की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को पूरा किया जाएगा।

वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक आम बैठक आयोजन की सूचना और ई-वोटिंग निर्देश 06 सितंबर, 2024 को केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सदस्यों को भेजे गए हैं, जिनके ई-मेल पते उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी/रजिस्ट्रार और कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास पंजीकृत हैं। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए सदस्यों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। हालांकि, कोई सदस्य हमें arunguptagpx@gmail.com पर अपना फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी बताते हुए लिखकर वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड कॉपी का अनुरोध कर सकता है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट 6वीं एजीएम की सूचना के साथ कंपनी की वेबसाइट https://gianlifecare.org/ और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात बीएसई लिमिटेड की www.bseindia.com पर भी उपलब्ध कराई गई है।

**इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग और एजीएम में भागीदारी**

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधजियानों के अनुपालन में, समय-समय पर संशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 ('नियम'), सचिवीय मानक ('एसएस-2'), एलओडीआर विनियमों के विनियम 44 और लागू परिपत्रों के साथ, कंपनी अपने सदस्यों को ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है।

कंपनी ने एजीएम में सीडीएसएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली उपलब्ध कराने का विकल्प चुना है। केवल वही व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वह रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। सदस्यों के वोटिंग अधिकार उनके शेयरों के चुकता मूल्य के अनुपात में होंगे। मतदान स्थल एजीएम के दौरान बैठक के अध्यक्ष के निर्देशानुसार होगा और एजीएम में भाग लेने वाले केवल वे सदस्य जो कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को शेयर रखते हैं और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग में अपना वोट नहीं डाला है और उन्हें ऐसा करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे एजीएम में वोट देने के पात्र होंगे।

कोई सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, लेकिन उसे दोबारा मतदान करने का अधिकार नहीं होगा। रिमोट ई-वोटिंग शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को सुबह 09:00 बजे (आईएसटी) शुरू होगी और रविवार, 29 सितंबर, 2024 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके बाद रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल मतदान के लिए अक्षम कर दिया जाएगा और बाद में एजीएम के दौरान इंस्टा पोल के लिए सक्षम किया जाएगा। एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर वोट डाल देता है, तो उसे बाद में बदला नहीं जा सकता।

कोई भी व्यक्ति जो वार्षिक आम बैठक की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को शेयर रखता है, वह arunguptagpx@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। कोई भी व्यक्ति जिसने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है या कंपनी का सदस्य बन गया है, और इसलिए वार्षिक रिपोर्ट और यह वार्षिक आम बैठक नोटिस नहीं भेजा जा सका है, वह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने के लिए arunguptagpx@gmail.com पर लिख सकता है। "सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा" पर सेबी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD//CIR/P/2020/242 दिनांक 09 दिसंबर, 2020 के अनुसरण में, मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए, सभी व्यक्तिगत डीमैट खाताधारकों के लिए उनके डीमैट खाते के माध्यम से, उनके डीमैट खातों/डिपॉजिटरी की वेबसाइट/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से ई-वोटिंग प्रक्रिया सक्षम की गई है।

**ई-वोटिंग और परिणामों की घोषणा के लिए जांचकर्ता**

कंपनी ने ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए जांचकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए मैसर्स प्रखर पांडे एंड कंपनी, अभ्यासरत कंपनी सचिवों को नियुक्त किया है। श्री प्रखर पांडे (एफसीएस सं. 11815 और सीपी सं. 23619) ने नियुक्त होने और इस उद्देश्य के लिए उपलब्ध होने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। प्रस्तावों पर परिणाम कंपनी की बैठक के समापन से 2 (दो) कार्य दिवसों के बाद घोषित नहीं किए जाएंगे।

घोषित परिणाम, जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट https://gianlifecare.org पर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा इसकी सूचना बीएसई लिमिटेड को दी जाएगी।

ईमेल आईडी न पंजीकृत होने, एजीएम में भाग लेने, ई-वोटिंग, नोटिस न मिलने तथा वार्षिक रिपोर्ट या अन्य किसी स्पष्टीकरण के लिए आप कंपनी से arunguptagpx@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
जियान लाइफ केयर लिमिटेड हेतु
हस्ता/-
रशिका अग्रवाल
निदेशक
डीनः 08275078
स्थानः कानपुर
दिनांकः 07.09.2024